Publication: **Deshbandhu** | Region: **Delhi** | Date: **15/03/2014** | Page No.: **10**

रिलायंस लाइफ का नया प्रीमियम लक्ष्य 2000 करोड़ रुपए

चेन्नई, 14 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई की बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को मौजूदा कारोबारी साल की समाप्ति तक 1,800 करोड़ रुपए के नए कारोबारी प्रीमियम का अनुमान है। साथ ही कंपनी ने अगले कारोबारी साल के लिए 2,000 करोड़ रुपए के नए कारोबारी प्रीमियम का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह जानकारी कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने दी।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुप राव ने गुरुवार को कहा, हम इस कारोबारी साल की समाप्ति 1,800 करोड़ रुपए के नए कारोबारी प्रीमियम के साथ करेंगे। अगले कारोबारी साल के लिए यह लक्ष्य 2,000 करोड़ रुपए का है। उन्होंने कहा कि अगले कारोबारी साल में दहाई अंकों वाली विकास दर का लक्ष्य है।

मार्च महीने में खरीदीं जाती हैं अधिकतर बीमा योजनाएं

राव ने संशोधित नियमों और नए उत्पादों का हवाला देते हुए कहा कि कुछ समय के लिए स्थिति कष्टदायक रहेगी। राव ने कहा कि कंपनी अपना वितरण मॉडल भारतीय जीवन बीमा निगम के वितरण मॉडल जैसा बनाना चाहती है, जो मुख्यत एजेंटों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि कंपनी गुणवत्तापूर्ण कारोबार के साथ विकास करना चाहती है। राव ने कहा कि अधिकतर जीवन बीमा योजना मार्च महीने में खरीदी जाती है, ताकि आय कर में छूट का लाभ मिल सके और कंपनी बिक्री में होने वाली इस वृद्धि के लिए पूरी तरह से तैयार है।